संख्या-9/2015/142/78-2-2015-95आई.टी./2014टी.सी.

प्रेषक,

जी.एस. प्रियदर्शी,
विशेष सचिव,
उ.प्र. शासन।

सेवा में,

समस्त प्रमुख सचिव/सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

आई.टी. एवं इले. अनुभाग-2 लखनऊ:दिनांक: 10 फरवरी, 2015

विषय:- आई.टी. एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग में चल रहे ई-आफिस प्रणाली को सभी विभागों में क्रियान्वित कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि आई.टी. एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग में समस्त आन्तरिक पत्रावलियां ई-आफिस के माध्यम से प्रस्तुत की जा रही हैं और जिससे निम्न लाभ परिलक्षित हुये है:-

1. संबंधित विभागीय अधिकारी को उसके उत्तरदायित्व के अनुसार इलेक्ट्रानिक फाईल का एक्सेस त्वरित माध्यम से प्राप्त हो जाता है।
2. प्रत्येक नयी फाईल के सम्बंधित अधिकारी के इनबॉक्स में आने के साथ एक एस.एम.एस. द्वारा अधिकारी के मोबाईल पर पत्रावली प्रस्तुत होने की सूचना प्राप्त हो जाती है।
3. किसी अधिकारी ने फाईल को निस्तारित करने में कितना समय लिया है, इसका पूर्ण विवरण ई-आफिस सिस्टम पर उपलब्ध होता है।
4. ई-फाइल के खो जाने अथवा नष्ट होने की संभावना नहीं होती है।

अत: आपसे अनुरोध है कि कृपया ई-आफिस को अपने विभाग में कार्यान्वित कराये जाने के संबंध में मंतव्य से आई.टी. एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग को अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(जी.एस. प्रियदर्शी)
विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या: 9/2015/142(1)/78-2-2015 तद्दिनांक

उपर्युक्त की प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. राज्य समन्वयक, सेन्टर फार ई-गवर्नेन्स, गोमती नगर, लखनऊ।
2. हेड, एसईएमटी, गोमती नगर, लखनऊ।
3. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(महेन्द्र प्रसाद भारती)
अनु सचिव एवं नोडल
अधिकारी ई-आफिस।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।